दैनिक
# नज़रिया ख़बर
भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त


पेज-07

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्षः18 | अंकः 03 | देहरादून, बुधवार 02 जुलाई, 2025 | पृष्ठः 08 | मूल्यः 1/रु. प्रति

## न्यूज डायरी

### हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने की राज्यपाल से भेंट



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने शिष्टाचार भेंट की। इस भेंट के दौरान उन्होंने राज्यपाल के साथ हेमकुंड साहिब यात्रा की व्यवस्थाओं एवं तीर्थयात्रियों की सुरक्षा व सुविधाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल ने की राज्यपाल से मुलाकात

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने उनसे चारधाम यात्रा एवं पर्यटन विकास से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

### बारिश और लैंडस्लाइड के कारण 36 मोटर मार्ग बंद

**पौड़ी।** उत्तराखंड में बीते कई दिनों से भारी बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के कारण पहाड़ी जिलों में जनजीवन अस्त–व्यस्त हो रखा है। पौड़ी गढ़वाल में मूसलाधार बारिश और लैंडस्लाइड के कारण जिले के 36 मोटर मार्गों पर आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है।
इसके अलावा पौड़ी जिले के श्रीनगर क्षेत्र में बह रही अलकनंदा नदी का जलस्तर 533 मीटर तक पहुंच गया है, जो खतरे के निशान के करीब है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने नदी और नालों के आसपास जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने जिले के सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं।

## महेंद्र भट्ट दोबारा बने उत्तराखण्ड भाजपा के अध्यक्ष

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट दोबारा उत्तराखंड बीजेपी के अध्यक्ष बन गए हैं। ऐसे करने वाले वो उत्तराखंड बीजेपी के पहले नेता हैं। अध्यक्ष बनते ही उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में 60 पार का नारा दे दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी 2027 में विधानसभा जीत की हैट्रिक लगाएगी। महेंद्र भट्ट ने ये भी कहा कि जल्द ही पंचायत चुनावों के लिए अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा करेंगे।

उन्होंने ये भी कहा कि पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के नामांकन को लेकर रणनीति बनाई गई है। निर्विरोध नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अपने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुझे दोबारा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपने पर वो पार्टी हाईकमान के आभारी हैं। प्रदेश प्रभारी ने हमेशा उत्तराखंड में पार्टी संगठन को मजबूत किया, जिस वजह से आज पार्टी मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले 3 साल में राजनीतिक चुनौतियों को सफलता के साथ संभव करके दिखाया है।

इस मौके पर महेंद्र भट्ट उत्तराखंड की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर प्रहार करने से भी नहीं चूके। उन्होंने कहा कि हर चुनौतियों में कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी है। विरोधी दलों को केदारनाथ सीट पर कमल खिलाकर मुंह तोड़ जवाब दिया है। प्रदेश में 22 लाख



दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर महेंद्र भट्ट का स्वागत करते भाजपा नेता।

प्रांतीय सदस्य भाजपा ने बनाने का काम किया, जिसमें 15 हजार सक्रिय सदस्य भी हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में प्रत्येक ग्राम पंचायत पर सक्रिय कार्यकर्ता को लड़ाना और जितना हमारा लक्ष्य है। सबसे बड़ी चुनौती 2027 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर हैट्रिक बनानी है। भट्ट ने कहा कि 2027 में 60 पार के नारे के साथ रिकॉर्ड तोड़ जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के साथ आगे बढ़ रहा।

उत्तराखंड की राजनीति में महेंद्र भट्ट का दोबारा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर चुना जाना केवल एक संगठनात्मक घोषणा नहीं, बल्कि इसके पीछे अनेक राजनीतिक संकेत, समीकरण और संभावनाएँ छिपी हैं। एक ओर यह फैसला निरंतरता और अनुभव को प्राथमिकता देने का उदाहरण प्रतीत होता है, तो दूसरी ओर इसे संभावित राजनीतिक अस्थिरता और भीतर से उभरते गुटबाजी के दबावों को संभालने की रणनीति भी माना जा रहा है। भाजपा ने महेंद्र भट्ट को बिना किसी आंतरिक मुकाबले या विरोध के दोबारा अध्यक्ष नियुक्त किया है, जिससे स्पष्ट होता है कि या तो पार्टी में उनके नेतृत्व को लेकर सर्वसम्मति थी, या फिर यह निर्णय ऊपर से थोपे गए फैसले जैसा है, जिस पर कोई चर्चा या विकल्प नहीं रखा गया।

शेष खबर पेज आठ पर देखे


## अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद ने किया अजय कोठियाल व नमिता ममगाई का सम्मान

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद द्वारा ओएसिस विद्यालय रायपुर, देहरादून में आयोजित समारोह में प्रदेश सरकार द्वारा मनोनीत राज्यमंत्री कर्नल अजय कोठियाल और बाल सुधार समिति में मानद सदस्य नमिता ममगाईं का सम्मान किया गया। समारोह की अध्यक्षता परिषद के देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष आई जी एस एस कोठियाल ने की। समारोह में विशेष अतिथि के रुप में अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद उत्तराखंड चैप्टर के अध्यक्ष राजीव बैरी, उपाध्यक्ष भट्ट, मधु बैरी समाजसेवी राकेश ओबराय, डी एस मान आदि उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष कवयित्री डौली डबराल ने काव्यात्मक शैली में परिषद के कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा ने वियतनाम, कम्बोडिया, बाली,मारीशस, बांग्लादेश सहित सिक्किम, बनारस, गुजरात और अयोध्या यात्रा का प्रभावी वर्णन प्रस्तुत किया। समारोह में पूनम,राजेश गोयल, पुष्पा भल्ला सहित अनेक महिलाओं ने गीत और कविताएं प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।



## सीजीएसटी कार्यालय देहरादून ने जीएसटी दिवस पर आयोजित किया कार्यक्रम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) आयुक्तालय, देहरादून ने मंगलवार को जीएसटी दिवस 2025 के अवसर पर संस्कृति विभाग प्रेक्षागृह, देहरादून में समारोह का आयोजन किया। इस वर्ष की थीम ष्जीएसटी दृकरों का सरलीकरणरू नागरिकों का सशक्तीकरण रही, जो जीएसटी की भारत के आर्थिक विकास, समावेशी नीतियों और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान आयुक्त शुभ चिंतन ने किया। इस


कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

अवसर पर चिल्ड्रन होम 'अपना घर' के बच्चों ने मधुर स्वरों में सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रधान आयुक्त शुभ चिंतन ने अपने उद्बोधन में जीएसटी के पिछले आठ वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि जीएसटी ने न केवल कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाया, बल्कि देश के आर्थिक ढांचे को भी मजबूत किया है। आज 1.4 करोड़ से अधिक पंजीकृत करदाता जीएसटी सिस्टम से जुड़े हैं। ई–इनवॉइसिंग और ई–वे बिल जैसी डिजिटल पहलों ने कर अनुपालन में पारदर्शिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। कर आधार में लगातार वृद्धि हो रही है तथा राजस्व संग्रह में 12 –13 प्रतिशत की वृद्धि ने भारत की आर्थिक प्रगति को और बल प्रदान किया है।

ट्रेड और इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों पंकज गुप्ता, राजीव अग्रवाल तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट मंयक अग्रवाल तथा अजय खट्टर ने अपने अनुभव साझा करते हुए जीएसटी के लाभों, विशेष रूप से व्यापार में सहजता और डिजिटल अनुपालन की सुविधा, पर प्रकाश डाला। उनके अनुभवों ने इस बात को रेखांकित किया कि जीएसटी ने छोटे और मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। इसके अलावा प्रख्यात शास्त्रीय गायिका अंबिका चक्रवर्ती ने अपनी मधुर और भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद, बनारस घराने के सुप्रसिद्ध सितार वादक विशाल मिश्रा ने अपने सितार के जादुई स्वरों से प्रेक्षागृह को संगीतमय बना दिया। इन प्रस्तुतियों ने समारोह में एक अनूठा सांस्कृतिक रंग भरा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, ट्रेड और इंडस्ट्री के सदस्यों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया, जिनके उत्साह और सहयोग ने इस आयोजन को सफल बनाया।इस अवसर पर जीएसटी आयुक्तालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी, ट्रेड और इंडस्ट्री के प्रतिनिधि, और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दिया टैरिफ संबंधी बड़ा बयान

भारत से अमेरिका में आयात पर 16: का जवाबी टैरिफ लागू होने में केवल एक सप्ताह शेष है, लेकिन मामले से परिचित अधिकारियों के अनुसार सभी संभावनाएं बनी हुई हैं कोई समझौता नहीं, क्योंकि डेयरी उत्पादों और कृषि उपज के अमेरिकी निर्यात जैसे संवेदनशील मुद्दे एक समझौते को विफल कर सकते हैंय दोनों देशों द्वारा समझौते की रूपरेखा से संवेदनशील वस्तुओं को हटाने के साथ एक प्रारंभिक समझौता हो सकता हैय और, हालांकि इसकी संभावना कम है, लेकिन एक बड़ा व्यापार समझौता हो सकता है, जैसा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बार–बार कहा था। कुछ ही दिन बचे हैं, दोनों देशों के अधिकारी 9 जुलाई की कट–ऑफ से पहले द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अगर यह सौदा हो जाता है, तो दोनों पक्षों को टैरिफ में भारी बढ़ोतरी से बचाया जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार (स्थानीय समय) को फिर से पुष्टि की कि भारत–अमेरिका जल्द ही बहुत कम टैरिफ के साथ एक व्यापार समझौता करेंगे, जिससे दोनों देश प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आश्वस्त हैं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम भारत के साथ एक सौदा करने जा रहे हैं। और यह एक अलग तरह का सौदा होगा। यह एक ऐसा सौदा होगा जिसमें हम शामिल होकर प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। अभी, भारत किसी को भी स्वीकार नहीं करता है। मुझे लगता है कि भारत ऐसा करने जा रहा है, और अगर वे ऐसा करते हैं, तो हम बहुत कम टैरिफ के लिए एक सौदा करने जा रहे हैं। शीर्ष सरकारी स्रोतों के अनुसार, भारत ने डेयरी पर कोई समझौता करने से इनकार कर दिया है, यह एक ऐसा क्षेत्र है जो भारत में 80 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार देता है, जिनमें से कई छोटे किसान हैं। एक वरिष्ठ सरकारी सूत्र ने कहा, ष्डेयरी पर कोई समझौता करने का सवाल ही नहीं उठता। यह एक सीमा रेखा है। अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर पहुंचने के लिए वाशिंगटन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने गतिरोध को तोड़ने के प्रयास में अपना प्रवास एक और दिन के लिए बढ़ा दिया है। वाशिंगटन में व्यापार वार्ता, जो मंगलवार को छठे दिन में प्रवेश कर गई, बुधवार तक जारी रहने की उम्मीद है, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी राजनयिक बैठक के दौरान अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो से मिलने वाले हैं।

# डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में प्रदेश के 25 प्रतिष्ठित डॉक्टरों को किया गया सम्मानित



डॉक्टर्स डे पर सम्मानित किए गए चिकित्सक।

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दिव्य हिमगिरि के प्रकाशन के गौरवशाली 15 वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में गर्वनमेंट दून मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में 'डॉक्टर ऑफ द ईयर अवार्ड–2025' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. बी. के. एस. संजय एवं अध्यक्ष डॉ. ओंकार सिंह थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि 2025 के अंत तक सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सभी पदों में नियुक्ति हो जाएगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. बी. के. एस. संजय ने कहा कि आज सड़क दुर्घटनाएं विकलांगता का मुख्य कारण है।

सड़क दुर्घटनाओं ने प्रदेश में तबाही मचा रखी है। हर साल लगभग 1500 दुर्घटनाएं होती है जिनमें 1000 लोगों की मौत हो जाती है। डॉ. संजय ने मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से अनुरोध किया कि सड़क सुरक्षा स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम का हिस्सा होना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो यह न केवल प्रदेश बल्कि देश के हित में ऐतिहासिक कदम होगा। मंत्री जी ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्दी ही सड़क सुरक्षा स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा होगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. ओंकार सिंह ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य का इतना व्यवसायीकरण नहीं होना चाहिए कि समाज का एक तबका इसका लाभ ही ना ले सके। चिकित्सा शिक्षा, उत्तराखंड के निदेशक, डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि चिकित्सकों को कुछ हद तक निष्काम भाव से सेवा करनी चाहिए और समाज को उनके सेवा भाव की सराहना करनी चाहिए।

# नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध तस्करी रोकनें में सक्रिय सामुदायिक सहायता की ज़रूरत हैं



**मादक पदार्थों के प्रयोग से दुष्प्रभाव -परिवार से विच्छेदन, अपराध प्रवृति में वृद्धि, शारीरिक व मानसिक कमजोरी के रूप में सामने आती है**

**गोंदिया।** अंतरराष्ट्रीय स्तरपर मादक पदार्थों के सेवन और नशीली दवाओं के दुरुपयोग तथा उसकी अवैध तस्करी के मामलों से करीब–करीब हर देश पीड़ितहै और यह समस्या दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है। खासकर मानवीय युवा पीढ़ी जिन्हें भविष्य की बागडोर संभालनीं है, यानें हमारी अगली पीढ़ी बनने वाले युवा और बच्चों की रुचि मादक पदार्थों में बढ़ती ही जा रही है।हम अपने आसपास भी देखते होंगे कि बच्चे भी सिगरेट, बीड़ी, बीयर पीने की ओर आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं जो वैश्विक समस्या बनती जा रही है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यहां गुटखा पाबंदी होने के बावजूद स्कूलों के आसपास भी भारी मात्रा में तंबाकू युक्त गुटके मिलते रहते हैं जो बिना मिलीभगत के संभव नहीं है, नशा, एक ऐसी बीमारी है जो कि युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट में लेकर उसे कई तरह से बीमार कर रही है।शराब, सिगरेट,तम्बाकू एवं ड्रग्स जैसे जहरीले पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा नशे का शिकार हो रहा है। आज फुटपाथ और रेल्वे प्लेटफार्म पर रहने वाले बच्चे भी नशे की चपेट में आ चुके हैं। लोग सोचते है कि वो बच्चें कैसे नशा कर सकते है जिनके पास खाने को भी पैसा नहीं होता। परंतु नशा करने के लिए सिर्फ मादक पदार्थों की ही जरुरत नहीं होती, बल्कि व्हाइटनर,नेल पॉलिश, पेट्रोल आदि की गंध, ब्रेड के साथ विक्स और झंडु बाम का सेवन करना, कुछ इस प्रकार के नशे भी किए जाते हैं, जो बेहद खतरनाक होते हैं।नशे की लत ने इंसान को उस स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है कि अब व्यक्ति मादक पदार्थों के सेवन के लिए किसी भी हद तक जा सकता है, वह नशे के लिए जुर्म भी कर सकता है। नशे के मामले में महिलाएं भी पीछे नहीं है। महिलाओं द्वारा भी मादक पदार्थों का बहुत अधिक मात्रा में सेवन किया जाता है। व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में तनाव, प्रेम संबंध, दांपत्य जीवन व तलाक आदि कारण, महिलाओं में नशे की बढ़ती लत के लिए जिम्मेदार है।इसीलिए ही नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस 26 जून 2025 के उपलक्ष में हम इस आर्टिकल के माध्यम से,आओ नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध तस्करी को रोकने सक्रिय भूमिका बढ़ाएं पर परिचर्चा करेंगें।

साथियों बात अगर हम नशीली दवाओं के दुरुपयोग की करें तो, ड्रग्स एंड क्राइम पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) ने उल्लेख किया है, एक साथ, हम विश्व नशीली दवाओं की समस्या से निपट सकते हैं। मजबूत दृढ़ संकल्प और नशीली दवाओं से संबंधित ज्ञान साझा करके, हम सभी नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त एकअंतरराष्ट्रीय समाज के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।जब ड्रग्स का दुरुपयोग व्यापक रूप से समाज के अमीर और गरीब वर्ग के बीच फैल जाता है तो उस समय सबसे अधिक अनिवार्य है नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सामुदायिक सहायता की जरूरत की। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ युद्ध में प्रसिद्ध कहावत रोकथाम इलाज से बेहतर है। ड्रग्स के दुरुपयोग और इससे जुड़ी अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के दिन जनजागृति बढ़ाना जरूरी है। साथियों बात अगर हम मादक पदार्थों की करेंतो गुटखा तंबाकू तंबाकू के उपयोग से होने वाली हानियां, मदिरा अफीम, कोकीन, भांग, चरस, गांजा , हशीश, एलएसडी आदि अन्य पदार्थ भी मादक पदार्थों के रूप में प्रचलन में है। युवा इनको प्रयोग विभिन्न कारण से कर बैठते हैं और चंगुल में फंस जाते हैं। इनके प्रयोग से दुष्प्रभाव परिवार से विच्छेदन, अपराध प्रवृति की वृद्धि शारीरिक एवं मानसिक कमजोरी के रूप में सामने आते हैं। कुछ समय के लिए मस्ती देनेवाले नशीले द्रव्यों के निरंतर सेवन से मनुष्य के तन–मन निष्क्रिय और शिथिल हो जाते हैं, दृष्टि कमजोर हो जाती है, पाचनशक्ति मंद पड़ जाती है तथा हृदय और फेफड़ों पर बुरा असर पड़ता है। इससे स्वास्थ्य चौपट हो जाता है और मनुष्य असमय ही मृत्यु का द्वार खटखटाने लगता है। नशीली दवाओं की लत एक कट्टर दानव है जो हमारे समाज के विकास पर रोक लगा सकती है। कैंसर जैसी अनेक भयंकर बीमारियां हमेशा सक्रियता से होने का डर बना रहता है।

साथियों बात अगर हम इस दिवस के इतिहास की करें तो, 7 दिसंबर 1987 को संयुक्त राष्ट्र की 93वीं पूर्ण बैठक के बाद , 13 दिसंबर 1985 के संकल्प 40द्122 को याद करते हुए हर साल 26 जून को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है ।यूएनओ डीसी के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 200 मिलियन लोग कोकीन, भांग, मतिभ्रम, अफीम और शामक सम्मोहन जैसी अवैध दवाओं का उपयोग कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त एक अंतरराष्ट्रीय समाज बनाने में मदद करने के लिए दृढ़ संकल्पित था। इस संकल्प ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी पर 1987 के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की रिपोर्ट और निष्कर्षों के संबंध में आगे की कार्रवाई की सिफारिश की। संकल्प के बाद 1991 से 2000 के वर्षों को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र दशक के रूप में घोषित किया गया था। 1998 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वैश्विक नशीली दवाओं की समस्या के समाधान के लिए एक राजनीतिक घोषणा को अपनाया। घोषणा समस्या से लड़ने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों की प्रतिबद्धता को व्यक्त करती है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि,नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध तस्करी रोकनें में सक्रिय सामुदायिक सहायता की जरूरत हैं,नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 26 जून 2025 पर विशेष है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने समुदायिक सहायता की जरुरत है।मादक पदार्थों के प्रयोग से दुष्प्रभाव–परिवारों से विच्छेदन, आपराधिक प्रवृत्ति में वृद्धि, शारीरिक व मानसिक कमजोरी के रूप में सामने आती है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# धामी सरकार के नेतृत्व में उत्तराखण्ड बन रहा है फार्मा हब

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखण्ड को भारत का फार्मा हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, आज खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन मुख्यालय, देहरादून में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में बुलाई गई थी।



समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारी।

बैठक की अध्यक्षता अपर आयुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा राज्य औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह जग्गी ने की। बैठक में प्रदेश की 30 से अधिक दवा निर्माता इकाइयों के प्रतिनिधि, प्रबंध निदेशक, औषधि विनिर्माण एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, और विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य था राज्य में हाल ही में सामने आए अधोमानक औषधियों के मामलों की समीक्षा, औषधि गुणवत्ता की स्थिति का विश्लेषण, और औद्योगिक प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए उठाए जा सकने वाले ठोस कदमों पर चर्चा। समीक्षा बैठक में उपस्थित दवा निर्माताओं ने सी.डी.एस.सी.ओ. द्वारा जारी किए जा रहे ड्रग अलर्ट को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उनका कहना था कि कई बार बिना जांच की प्रक्रिया पूरी किए, ड्रग अलर्ट सार्वजनिक पोर्टल पर डाल दिए जाते हैं, जिससे फर्म की साख और राज्य की छवि दोनों को नुकसान पहुंचता है। एक उदाहरण के तौर पर कूपर फार्मा के ब्यूप्रेनॉरफिन इंजेक्शन का जिक्र किया गया, जिसे अधोमानक और स्प्यूरियस घोषित किया गया था। बाद में जांच में पाया गया कि वह दवा उत्तराखण्ड की फर्म द्वारा बनाई ही नहीं गई थी, बल्कि बिहार में अवैध रूप से तैयार की गई थी। ऐसे मामलों में उत्तराखण्ड की कंपनियों को बिना किसी दोष के दोषी मान लिया जाता है, जो उद्योग और निवेश दोनों के लिए नकारात्मक संकेत देता है।

कंपनियों ने यह भी कहा कि जब कोई नमूना अधोमानक पाया जाता है, तब औषधि अधिनियम की धारा 18(I) के अंतर्गत प्रारंभिक जांच और नमूने की सत्यता की पुष्टि अनिवार्य है। इसके बाद धारा 25(3) के तहत निर्माता को उस रिपोर्ट को चौलेंज करने का अधिकार होता है। परंतु जब तक रिपोर्ट और सैम्पल समय पर नहीं दिए जाते, तब तक यह अधिकार केवल कागजों तक ही सीमित रह जाता है।

बैठक में राज्य औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह जग्गी ने सभी दवा निर्माता कंपनियों को दो टूक कहा कि सरकार उद्योग के साथ है, लेकिन औषधियों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की दवा इकाइयों की छवि पूरे देश में बहुत सकारात्मक है और इसे बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को अपने–अपने प्लांट्स में जीएमपी का कड़ाई से पालन करने, प्रोडक्शन की हर स्टेज पर रिकॉर्ड रखने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। दवा निर्माताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का आभार प्रकट किया और कहा कि धामी सरकार की पारदर्शी और उद्योग समर्थक नीतियों के कारण उत्तराखण्ड आज देशभर में निवेशकों की पसंद बन रहा है। कंपनियों ने भरोसा जताया कि अगर यही रुख बरकरार रहा तो आने वाले वर्षों में उत्तराखण्ड भारत का सबसे बड़ा फार्मा क्लस्टर बन सकता है।

समीक्षा बैठक में यह तय किया गया कि जो लोग अधोमानक दवाएं बनाकर राज्य की प्रतिष्ठा खराब कर रहे हैं, उन पर कानूनी कार्रवाई में कोई ढील नहीं बरती जाएगी। विभाग द्वारा ऐसे मामलों की जांच की जा रही है, और दोषी पाए जाने पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य के स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त खाद्य संरक्षा व औषधि प्रशासन, डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा हमारा दृढ़ लक्ष्य है कि आने वाले कुछ वर्षों में उत्तराखंड फार्मा हब के रूप में उभरे। इस दिशा में हम न केवल मौजूदा औषधि निर्माण इकाइयों के विस्तार पर काम कर रहे हैं, बल्कि नए निवेश, उद्योगों के लिए सुविधाजनक नीतियाँ और उच्च गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र तैयार कर रहे हैं। डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि उत्तराखंड में फिलहाल लगभग 285 फार्मा यूनिट्स सक्रिय हैं, जिसमें से 242 यूनिट्स डब्ल्यूएचओ से सर्टिफाइड हैं।

## नशा मुक्ति व शराब बंदी का संदेश देने के लिए बुग्गी खींचते हुए गंगाजल लेने पहुंचा रविंद्र

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नशे के खिलाफ अनोखी पहल करते हुए हरियाणा के जींद जिले के सफीदों निवासी रविंद्र तोमर पैदल बुग्गी खींचते हुए हरिद्वार पहुंचे। उनका लक्ष्य है, हर की पैड़ी से गंगाजल लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भेंट करना और नशा मुक्ति की दिशा में उठाए गए साहसिक कदम के लिए उन्हें धन्यवाद देना।

रविंद्र तोमर की यह यात्रा केवल एक व्यक्ति का सफर नहीं, बल्कि एक जनचेतना है। "नशा मुक्ति, हरियाणा दूध–दही का खाना" अभियान के तहत रविंद्र ने स्वयं बुग्गी खींचने का संकल्प लिया और हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश होते हुए उत्तराखंड की पवित्र धरती तक पहुंचे। उनकी इस ऐतिहासिक यात्रा से प्रभावित होकर हरियाणा सरकार ने राज्यभर में करीब 700 शराब की दुकानों को बंद करवा दिया। यह एक बड़ा और दुर्लभ कदम है, जो जनता की भावना और एक व्यक्ति की दृढ़ इच्छाशक्ति से संभव हुआ। रविंद्र ने इस मुहिम को देश की पहली "आदमी बुग्गी यात्रा" बताया, जिसमें कोई घोड़ा नहीं, बल्कि व्यक्ति स्वयं बुग्गी खींच कर नशा मुक्ति का संदेश दे रहा है। उनका कहना है कि नशे से युवा बर्बाद हो रहे हैं, घर उजड़ रहे हैं, और अब समय आ गया है कि हर नागरिक इसके खिलाफ आवाज उठाए। हर की पैड़ी से गंगाजल लेकर वे मुख्यमंत्री को भेंट करेंगे और अपनी इस मुहिम को और व्यापक रूप देने का संकल्प लेंगे।

## हरिद्वार में सामाजिक संगठनों ने चलाया सफाई अभियान

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** लगातार हो रही मुसलाधार बारिश के बीच कुछ सामाजिक संस्थाओं ने गंगा किनारे के घाटों पर सफाई अभियान चलाया। मूसलाधार बारिश के बीच क्या महिलाए क्या पुरुष इन सबके साथ बच्चे और बुजुर्गों ने भी सफाई के लिए झाड़ू और वाइपर उठा कर गंगा किनारे बिखरी हुई गंदगी को साफ करने का काम किया। मुख्य रूप से सफाई अभियान की अगुवाई कायस्थ महासभा उत्तराखंड इकाई ने की।



सफाई अभियान चलाते हुए।

बारिश के बीच हरिद्वार के भगवान गंगेश्वर नाथ मंदिर स्थित प्रस्तावित भगवान चित्रगुप्त घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों से हरिद्वार पहुंचे कायस्थ समाज के लोगो ने गंगा किनारे बने घाट पर साफ सफाई का कार्य किया। बारिश के बीच हरिद्वार स्नान को पहुँचे अन्य श्रद्धालुओ ने भी सफाई अभियान में अपना सहयोग किया।

कायस्थ महासभा अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बताया कि उनका हरिद्वार आने वाले श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि आप हरिद्वार स्नान के लिए आए तो नहाने के बाद वस्त्र गंगा घाट पर ना छोड़ें साथ ही पानी और कोल्डड्रिंक की बोतलें भी आपने साथ पॉली बैग में लेकर जाएं। उसी में आपके इस्तेमाल की गई अन्य सामग्री को भी साथ ले जाकर जिला प्रशासन के रखे गए कूड़ादान में ही डाले। महासभा के लोगो ने गंगा घाट को साफ सुथरा किया गया और वहाँ मौजूद सामान को बैग में भरकर बाहर स्थित कूड़ेदान में डाला गया।

# मुख्य सचिव ने यूपीसीएल को अगले 3 से 5 वर्षों की कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में उत्तरखण्ड पावर कार्पोरेशन लिमिटेड की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को यूपीसीएल की अगली बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्ययोजना प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए हैं।




मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

मुख्य सचिव ने यूपीसीएल को अगले 3 से 5 वर्षों की कार्ययोजना भी प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्पोरेशन के विभिन्न प्रकार के कार्यों में आधुनिकतम तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का प्रयोग किया जाए। इससे दक्षता बढ़ेगी एवं विभिन्न प्रकार की होने वाली क्षतियों को कम किया जा सकेगा। मुख्य सचिव ने खराब हो चुके ट्रांसफॉर्मर को बदलने के रिस्पाँस टाईम को लगातार कम किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन एवं 1905 पर बिजली के खम्बे टूटे होने अथवा टेढ़े होने के साथ ही लटकी तारों की शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में झुके हुए विद्युत खम्बों एवं लटकी तारों का के लिए मिशन मोड पर तत्काल सर्वे कराते हुए दुरूस्त किया जाए।मुख्य सचिव ने कहा कि संचालन एवं रखरखाव व्यय को कम किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए थर्ड पार्टी विश्लेषकों द्वारा विश्लेषण कराया जाए। उन्होंने कार्पोरेशन द्वारा डिस्ट्रीब्यूशन लॉस को घटाए जाने के लिए लगातार सुधार कार्य किए जाने की बात भी कही। मुख्य सचिव ने विद्युत के लिए बैटरी स्टोरेज सहित अन्य विकल्पों पर भी ध्यान दिए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि थ्री फेज एचटीसीटी एवं थ्री फेज एलटीसीटी कनेक्शनों के साथ ही फीडर और डीटी मीटर को स्मार्ट मीटर में परिवर्तित किए जाने में तेजी लाते हुए निर्धारित समय में कार्य पूर्ण किया जाए। एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार ने बताया कि पिछले तीन सालों की कमर्शियल परफोर्मेंस में उत्तराखण्ड की इनपुट एनर्जी में बढ़ोत्तरी हुयी है।

02 July 2025_Copy of Layout 1 7/2/2025 1:16 PM Page 4



# मुख्यमंत्री धामी ने कैंपा निधि के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, दिए निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड कैंपा (क्षतिपूर्ति वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण) शासी निकाय की बैठक हुई। बैठक में कैंपा निधि के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।



मुख्यमंत्री समीक्षा बैठक लेते हुए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कैंपा फंड का उपयोग राज्य में वनों के सतत प्रबंधन, वानिकी विकास, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने तथा वनों पर आश्रित समुदायों के कल्याण के लिए किया जाए। उन्होंने कहा कि देहरादून शहर में ग्रीन कवर बढ़ाने हेतु, कैम्पा फंड इस्तेमाल किए जाने के लिए केंद्र सरकार के स्तर से भी अनुमति प्राप्त करने की कार्यवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए प्रभावी योजना तैयार की जाए। वन क्षेत्रों में जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवीकरण को शीर्ष प्राथमिकता में रखा जाए। इसके लिए वन विभाग के साथ पेयजल, जलागम, ग्राम्य विकास और कृषि विभाग संयुक्त रूप से कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने वनाग्नि रोकथाम के लिए आधुनिक तकनीक और सामुदायिक भागीदारी के जरिए व्यापक रणनीति बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण के कार्य में केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहकर पौधों के सर्वाइवल रेट पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कैंपा निधि से संचालित परियोजनाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए नियमित समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि हरेला पर्व पर प्रदेश में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाए। इसमें फलदार, औषधीय गुणों से युक्त पौधे अधिक लगाये जाएं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के लिए जन सहभागिता सुनिश्चित की जाए और लोगों को एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौरा देवी की जन्म शताब्दी पर वन विभाग द्वारा सभी डिवीजन में फलदार पौधे लगाए जाएं। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि स्थानीय लोगों को वन संरक्षण के कार्यों से जोड़ने के लिए स्वरोजगार और आजीविका आधारित कार्यक्रम चलाए जाएं ताकि वन संपदा के सतत उपयोग और संरक्षण में उनकी भागीदारी बढ़ाई जा सके। बैठक में विधायक भूपाल राम टम्टा, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा, सचिव राधिका झा, चन्द्रेश कुमार, एस एन.पाण्डेय, श्रीधर बाबू अदांकी और वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## कच्ची, देशी व अंग्रेजी शराब सहित तीन गिरफ्तार

**देहरादून।** अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए आबकारी टीम ऋषिकेश व प्रवर्तन दल द्वारा अलगकृअलग स्थानों पर छापेमारी कर तीन लोगों को कच्ची, देशी व अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार आबकारी टीम ऋषिकेश एवं जनपदीय प्रवर्तन दल देहरादून टीम द्वारा ऋषिकेश क्षेत्र के चंद्रभागा एवं चंद्रेश्वर नगर में शराब बिक्री की सूचना पर छापेमारी करके 1 पेटी देसी शराब माल्टा के साथ रमिता निवासी चंद्रेश्वर नगर एवं डेढ़ पेटी विदेशी शराब कमलेश जोशी निवासी चंद्रभागा से बरामद की गई। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया।वहीं दूसरी आबकारी टीम ऋषिकेश द्वारा देर रात मनसा देवी ऋषिकेश क्षेत्र में 56 पाउच के भीतर भरी 84 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। आरोपी मनसा देवी गुमानीवाला निवासी अमरजीत कौर पत्नी इंदर सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## भाजपा में नेतृत्व संकट और आंतरिक कलह का प्रमाण है महेन्द्र भट्ट की पुनः ताजपोशीः आनंद

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता रवींद्र सिंह आनंद ने उत्तराखंड भाजपा में महेन्द्र भट्ट को पुनः प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय भाजपा में नेतृत्व की भारी कमी, आंतरिक कलह और नई सोच के अभाव को दर्शाता है। श्री आनंद ने कहा, ष्भाजपा ने एक बार फिर पुराने चेहरे पर भरोसा जताकर यह साबित कर दिया है कि पार्टी में न तो कोई नया विजन है और न ही साहसिक नेतृत्व उभारने की क्षमता। महेन्द्र भट्ट को पुनः प्रदेश अध्यक्ष बनाना भाजपा की बौखलाहट और आपसी फूट का प्रतीक है। यह वही चेहरा है जिसे जनता पहले ही नकार चुकी है।

उन्होंने आगे कहा कि उत्तराखंड की जनता अब ऐसे राजनीतिक खेलों को भलीभांति समझ चुकी है। ष्राज्य के युवाओं, महिलाओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को अब दिखावे की नहीं, बल्कि नीतियों की राजनीति चाहिए। आम आदमी पार्टी इन मुद्दों पर प्रदेश में मजबूत जनाधार बना रही है।

श्री आनंद ने कहा, ष्उत्तराखंड की जनता अब बदलाव की इच्छुक है। झूठे वादों, खोखले नारों और सत्तालोलुप राजनीति से जनता का मोहभंग हो चुका है। भाजपा अब केवल सत्ता बचाने की रणनीति में उलझी हुई है, जबकि आम आदमी पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार जैसे बुनियादी मुद्दों पर जनआंदोलन खड़ा कर चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की यह रणनीति जनता को भ्रमित करने का प्रयास है।

## भक्तों के बिना केदारनगरी में पसरा सन्नाटा, भक्तों का इंतजार

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जहां घंटों तक भक्त बाबा केदार के दर्शनों का इंतजार करते थे, वहीं इन दिनों बाबा केदार को भक्तों के आने का इंतजार है। लगातार हो रही बारिश का केदारनाथ धाम की यात्रा पर बुरा असर पड़ रहा है। बीते दिनों से हो रही बारिश के कारण बाबा के दर पर सन्नाटा पसरा हुआ है। बाबा के दर्शनों के लिए जहां लम्बी लाइन लगती थी, आज वहां भक्तों के बिना विरानी छाई हुई है।




केदारनाथ धाम।

केदारनाथ धाम की यात्रा पर मौसम की बुरी मार पड़ी है। पिछले दिनों जहां हजारों की संख्या में यात्री पहुंच रहे थे और बाबा का दरबार भक्तों की चहल कदमी से गुलजार था, वहीं अब सुनसान नजर आ रहा है। नाममात्र के भक्त बाबा केदारनाथ के दरबार में पहुंच रहे हैं। एक सप्ताह से मौसम की बेरुखी के कारण यात्रियों की आवाजाही बंद हुई है। जो यात्री धाम जा भी रहे हैं, उन्हें कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर अनेक मुश्किलें बढ़ गयी हैं। जगह—जगह भूस्खलन का खतरा पैदा हो गया है। हालांकि अभी तक 13 लाख 15 हजार से अधिक भक्त बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। केदारनाथ धाम की यात्रा पर मौसम का बुरा असर पड़ रहा है। यात्रा मार्ग के सोनप्रयाग व मुनकटिया में पहाड़ी से लगातार भूस्खलन जारी है, जिस कारण तीर्थयात्रियों को सोनप्रयाग से छः किमी पैदल चलकर गौरीकुंड पहुंचना पड़ रहा है, जबकि उन्हें केदारनाथ धाम पहुंचने के लिए 24 किमी का सफर तय करना पड़ रहा है।

# कोटद्वार-पौड़ी और कोटद्वार-नजीबाबाद के बीच जगह-2 पर ध्वस्त हुआ हाईवे, लोग परेशान

**कोटद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कोटद्वार से नजीबाबाद होकर दिल्ली—एनसीआर और अन्य राज्यों को जाने वाले यात्रियों की मुश्किलें कई गुना बढ़ गईं। मेरठ—पौड़ी हाईवे 119 पर बरसाती नालों में पानी के तेज बहाव से दो स्थानों पर सड़क ध्वस्त हो गई।

स्थिति ऐसी थी कि बचाव कार्य तुरंत संभव नहीं हो पा रहा था। घंटों तक लगे जाम के बाद कोटद्वार पुलिस ने हरिद्वार, देहरादून, मेरठ, दिल्ली और एनसीआर जाने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट कर यातायात को वैकल्पिक मार्गों से सुचारू कराया।

**बरसाती नाले में आए उफान से निर्माणाधीन पुल के नीचे बनाया गया वैकल्पिक मार्ग बह गया**

सुखरो पुल और जाफराबाद पुलिस चौकी के बीच भी रास्ता कटने से हाईवे का यातायात बंद हो गया था। स्थिति और बिगड़ गई जब नजीबाबाद मार्ग पर खैरा ढाबा के पास बरसाती नाले में आए उफान से निर्माणाधीन पुल के नीचे बनाया गया वैकल्पिक मार्ग बह गया।

कोटद्वार—नजीबाबाद के बीच दो जगहों पर हाईवे पूरी तरह ध्वस्त होने से यातायात ठप हो गया। लगभग पांच—छह किलोमीटर के फासले पर दो जगह सड़क टूटने के कारण दर्जनों वाहन बीच में फंस गए और हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। मौके पर बचाव दल और जेसीबी मशीनें मौजूद थीं, लेकिन नाले में पानी का तेज बहाव वैकल्पिक मार्ग बनाने में बाधा बन रहा था। कोटद्वार—पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुमखाल के पास बैरगांव में पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर सड़क पर गिरने से मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया है। साफ तौर पर देखा जा सकता है कि कैसे चंद सेकेंड में सड़क पर बड़े—बड़े पत्थर और मिट्टी के ढेर ने यातायात को पूरी तरह रोक दिया है। संबंधित एजेंसियां मशीनों के जरिए मार्ग को खोलने में जुटी हैं, लेकिन बारिश और लगातार मलबा गिरने से काम में चुनौतियां आ रही हैं।

पौड़ी पुलिस प्रशासन ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वो सतर्क रहें और सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं। खासकर बरसात के मौसम में इस मार्ग पर भूस्खलन का खतरा बना रहता है। संबंधित कार्यदायी संस्थाएं मार्ग को जल्द से जल्द खोलने के लिए कार्य कर रही हैं। प्रशासन ने यात्रियों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की भी सलाह दी है। सड़कें बंद होने से रोडवेज बसों के पहिये थम गए, जिससे सैकड़ों यात्री परेशान हुए। कोटद्वार से नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, जयपुर, पटियाला, चंडीगढ़ और अमृतसर के लिए चलने वाली सभी बसें सुबह 10:30 बजे से देर शाम तक बस अड्डे पर ही खड़ी रहीं। रोडवेज के एआरएम अनुराग पुरोहित स्वयं मौके पर मौजूद रहकर स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। हालांकि, डिपो प्रशासन को थोड़ी राहत मिली कि सड़क ध्वस्त होने से पहले कोटद्वार से दिल्ली के लिए तड़के ही पांच बसें निकल चुकी थीं। लेकिन, अन्य राज्यों से जुड़ी बसें न निकल पाने के कारण यात्रियों की समस्या बनी रही।

02 July 2025_Copy of Layout 1 7/2/2025 1:16 PM Page 5



# क्लस्टर स्कूल योजना के विरोध में उमट्टा, कालेश्वर, बरसाली के ग्रामीणों ने जिला शिक्षाधिकारी को ज्ञापन भेजा

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** समाजसेवी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि क्लस्टर स्कूल योजना समाज में हाशिए पर खड़े व्यक्ति को अनपढ़ बनाने की सरकारी साजिश है।



राष्ट्रीय शिक्षा नीति (छम्) 2020 में क्लस्टर स्कूल की अवधारणा को स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों के समुचित उपयोग को बढ़ाने के लिए प्रस्तावित किया गया है। संसाधनों का बेहतर उपयोग, शिक्षण की गुणवत्ता एवं प्रशासनिक दक्षता के लिए किसी विद्यालय को सेंटर आफ एक्सीलेंस या क्लस्टर के रूप मे विकसित कर उसे रिसोर्स सेंटर के रूप में विकसित करना ठीक हो सकता है लेकिन छम्च 2020 में कही भी स्कूलों के विलयध्समायोजन या बंद करने का कोई प्रावधान नही है। अरविंद सिंह चौहान ने कहा कि उत्तराखंड मे जिस प्रकार यह योजना लागू की जा रही है उससे बडी तादाद मे माध्यमिक विद्यालयों के बंद होने की संभावना है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों पर इसका गहरा प्रभाव पडेगा।

जिससे न केवल स्कूल बंद हो सकतें हैं बल्कि शिक्षकों प्रधानाचार्य प्रधानाध्यापक व शिक्षणेत्तर कर्मियों के पद खत्म हो सकतें हैं। जरूरी है कि इस योजना को लागू करने से पहले शिक्षा के सभी हितधारकों से सरकार संवाद स्थापित कर गहन विचार विमर्श करे।प्रथम चरण में 559 क्लस्टर स्कूलों में 1515 स्कूलों के बच्चों के समायोजन की तैयारी है। जनपद चमोली मे 35 क्लस्टर स्कूलों मे 122 स्कूलों के बच्चों को समायोजन का लक्ष्य है। इसका सीधा मतलब है कि हर चार में से तीन अर्थात 75 फीसद विद्यालय हमेशा के लिए बन्द हो जायेंगे। इसके तहत जनपद चमोली में पहली जुलाई से नौ विद्यालयों के समयोजन का आदेश भी चुपचाप जारी किया जा चुका है जिसमें कर्णप्रयाग विकासखंड में हमारी ग्राम पंचायत उमट्टा का हाई स्कूल भी क्लस्टर के नाम पर कर्णप्रयाग में शामिल किया गया है।

इस अव्यवहारिक और जन विरोधी नीति का विरोध करने के लिए ग्राम पंचायत कालेश्वर, उमट्टा, बरसाली के ग्रामीण और अविभावक हाई स्कूल उमट्टा में एकत्रित हुए और इस एक सुर में इस योजना को निरस्त करने की मांग का ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी चमोली को प्रेषित किया गया।

## बागेश्वर ट्वेंटी पॉइंट कार्यक्रम में अव्वल

**बागेश्वर।** उत्तराखंड शासन द्वारा संचालित ट्वेंटी पॉइंट प्रोग्राम (20–सूत्रीय कार्यक्रम) की अप्रैलदृमई 2025 की प्रगति रिपोर्ट में बागेश्वर जनपद ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रिपोर्ट के अनुसार, बागेश्वर ने कुल 111 में से 61 अंक अर्जित किए, जो कि 54.95 प्रतिशत है। इस प्रदर्शन के आधार पर बागेश्वर प्रदेश के सभी 13 जनपदों में प्रथम स्थान पर रहा। यह उपलब्धि विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक योजनाओं में जनपद के उत्कृष्ट क्रियान्वयन को दर्शाती है। विशेष रूप से बागेश्वर ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत नए एवं संवर्धित स्वयं सहायता समूहों के गठन में 331.25 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति कर राज्य में सर्वोच्च प्रदर्शन किया है। इसके अतिरिक्त को रिवॉल्विंग फंड और कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड प्रदान करने में भी जनपद को। ग्रेड प्राप्त हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्रामीण शौचालय निर्माण में 38 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के साथ बागेश्वर ने एक बार फिर।

# बिंदुखत्ता के भाष्कर जोशी का हुआ आईआईटी रुड़की में चयन

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बिंदुखत्ता के इंद्रानगर– निवासी स्वर्गीय पूरन चंद्र जोशी के पुत्र भास्कर जोशी ने गेट परीक्षा में 98.33: गेट परसेंटाइल के साथ ऑल इंडिया में 1132 रैंक प्राप्त कर आईआईटी रुड़की से एमटेक में सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इन इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में अपना स्थान पक्का किया है,



2021 में गोविंद बल्लभ पंत इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पौड़ी गढ़वाल से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक भास्कर जोशी की इस कामयाबी पर क्षेत्र में खुशी की लहर है, भास्कर वर्तमान में अपनी माता पुष्पा जोशी के साथ रहते हैं, उनके पिता पूरन चंद्र जोशी का 12 वर्ष पूर्व निधन हो गया था, इनका बड़ा भाई रोहित जोशी नोएडा में टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप में सेवारत है। भास्कर जोशी बिंदुखत्ता निवासी पत्रकार दीप चंद्र जोशी के भाई हैं, भास्कर ने 2021 में बीटेक करने के बाद कहीं जॉब ना कर गेट की तैयारी प्रारम्भ की, नोएडा में भाई रोहित जोशी के साथ रहते हुए सेल्फ स्टडी की और बिना कोचिंग के उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है, भास्कर की इस कामयाबी पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# नगर पंचायत के सफाई कर्मी की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगर पंचायत लालकुआं के वरिष्ठ सफाई कर्मी की सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह के दौरान भावभीनी विदाई दी गई।



सेवानिवृत्ति पर लालकुआं के सफाई कर्मचारी को सम्मानित करते गणमान्य लोग।

नगर पंचायत के सभागार में आयोजित विदाई समारोह के दौरान वरिष्ठ सफाई कर्मचारी नरेश पाल की सेवानिवृत्ति पर खुशी का इजहार करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी ने कहा कि नरेश पाल ने 42 वर्ष के अपने कार्यकाल के दौरान नगर पंचायत लालकुआं में स्वच्छता के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया, जिसके चलते उनकी चारों ओर प्रशंसा होती रही है, उन्होंने कहा कि ऐसे ही कर्मठ स्वच्छता कर्मियों की बदौलत नगर पंचायत लालकुआं ने पिछले वर्ष प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह, पूर्व चेयरमैन लाल चंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, सभासद धन सिंह बिष्ट, भुवन पांडे, योगेश उपाध्याय, नेहा आर्य, शबनम, हेमंत पांडे, सुरेश शाह, नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक भुवन चंद्र जोशी, कामेश भंडारी, मनोज बर्गली, गोपाल खत्री, सोनू भारती, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेमनाथ पंडित, विनोद श्रीवास्तव, राज लक्ष्मी पंडित सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी पूरन सिंह रजवार ने किया।

# एसबीआई की स्थापना दिवस पर लालकुआं क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर किया गया पौधारोपण

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारतीय स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक द्वारा क्षेत्रवासियों के सहयोग से नगर में कई स्थानों पर वृक्षारोपण करते हुए सैकड़ो फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।




एसबीआई की स्थापना दिवस पर वृक्षारोपण करते अधिकारी एवं गणमान्य लोग।

भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी एवं अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह के सहयोग से वार्ड नंबर एक स्थित 100 आवासीय कक्ष, एनडी तिवारी बारात घर तथा नगर पंचायत कार्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें भारी संख्या में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपड़ किया गया।

इसके अलावा तराई पूर्वी वन प्रभाग के अंतर्गत कई क्षेत्रों में सघन पौधारोपण कार्यक्रमों का आयोजन एसबीआई के सौजन्य से वन विभाग के अधिकारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने किया,

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के उपमहाप्रबंधक राजीव रंजन, क्षेत्रीय प्रबंधक दिव्या त्रिपाठी, मुख्य प्रबंधक अजय सिंह, विजय प्रसाद, प्रभा कुमारी, अमित पांगती, लालकुआं के शाखा प्रबंधक मुकेश बमेटा, गोला रेंज के एसडीओ अनिल कुमार जोशी, वन क्षेत्राधिकारी चंदन सिंह अधिकारी, भाजपा नेता लक्ष्मण खाती, धन सिंह बिष्ट, संजीव शर्मा और राजकुमार सेतिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

02 July 2025_Copy of Layout 1 7/2/2025 1:16 PM Page 6



# नैनीताल में स्किल सेंटर स्थापित करने के लिए आईएचसीएल ने सरकार के साथ किया करार

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) ने उत्तराखंड सरकार के सेतु आयोग के सहयोग से नैनीताल में अत्याधुनिक हॉस्पिटैलिटी स्किल–ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने के लिए साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए।

आईएचसीएल के कार्यकारी उपाध्यक्ष गौरव पोखरियाल ने कहा, उत्तराखंड एक सुस्थापित पर्यटन स्थल है, जहां हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं हैं। आईएचसीएल के पथ्य के ईएसजी प्लस फ्रेमवर्क के अनुरूप, यह आगामी स्किल सेंटर यहां के युवाओं को उद्योग–संबंधि प्रशिक्षण के साथ सशक्त बनाएगा, समावेशी विकास को प्रोत्साहित करेगा और भारत की यात्रा व पर्यटन अर्थव्यवस्था में योगदान देगा। उत्तराखंड के नैनीताल में युवाओं के लिए नया कौशल विकास केंद्र सेतु आयोग, टाटा स्ट्राइव, कुमाऊं विश्वविद्यालय (केयू), नैनीताल, उत्तराखंड कौशल विकास सोसाइटी और उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड सरकार के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी ने कहा, यह पहल रोजगार सृजन और क्षेत्रीय आर्थिक विकास हेतु उद्योग एवं शिक्षा जगत को जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम है। इस साझेदारी के माध्यम से, उत्तराखंड सहयोगात्मक, उद्योग संचालित और परिणाम–संचालित कौशल के लिए एक बेंचमार्क स्थापित कर रहा है।' इस मल्टी–पार्टनर पहल में टाटा स्ट्राइव अमलकारी भागीदार के तौर पर शामिल है, जबकि कुमाऊं विश्वविद्यालय इस सेंटर के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराएगा। उत्तराखंड सरकार के कौशल विकास विभाग और उच्च शिक्षा विभाग ऑपरेशनल फंडिंग में मदद करेंगे। केंद्र का लक्ष्य है तीन वर्षों की अवधि में फूड एंड बेवरेज सर्विस, फ्रंट ऑफिस व किचन के एंट्री लैवल कोर्स के माध्यम से 500 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित करना, जिसमें छात्रावास की सुविधा भी शामिल है। इस कार्यक्रम में शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटने के लिए ऑन–द–जॉब इंटर्नशिप भी शामिल होगी।

टाटा स्ट्राइव के सीओओ अमेय वंजारी ने कहा, यह सहयोग पहाड़ी क्षेत्र के युवाओं के लिए सार्थक कैरियर के रास्ते खोलेगा और स्थानीय विकास में महत्वपूर्ण प्रभाव पैदा करेगा।' पथ्य के उद्योग–अग्रणी ईएसजी प्लस फ्रेमवर्क के तहत, आईएचसीएल भारत भर में 53 कौशल केंद्रों की पार्टनर है। सन् 2030 तक 1,00,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने के लक्ष्य के साथ आईएचसीएल फ्यूचर–रैडी प्रतिभाओं के निर्माण और सस्टेनेबल स्किलिंग कोशिशों के जरिए आर्थिक उत्थान को सक्षम करने हेतु निवेश करना जारी रखेगी।

## टैटू आर्टिस्ट ने की आत्महत्या, पुलिस कर रही मामले की जांच

**ऋषिकेश।** तीर्थनगरी में एक टैटू आर्टिस्ट ने अपने कमरे में आत्महत्या कर ली। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

ऋषिकेश कोतवाली पुलिस के मुताबिक, शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि कुमारबाड़ा निवासी गगन प्रजापति ने आत्महत्या कर ली है। उसका शव कमरे में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने कमरे की छानबीन की, लेकिन आत्महत्या के कारणों का कहीं कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की. लेकिन फिर भी गगन के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

कोतवाल प्रदीप राणा ने बताया कि पुलिस ने मामले में अग्रिम जांच और कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल अभी यह नहीं पता चला है कि आखिरकार गगन ने आत्महत्या क्यों की।

# चमोली में जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के 364 नामांकन पत्र बिके


**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चमोली जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की प्रक्रिया शुरु हो गई है। जिसके तहत जनपद में जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के दो दिनों में 364 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है।

जिले में जिला पंचायत सदस्य के पद के लिए वर्तमान तक 49, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 315, सदस्य ग्राम पंचायत के लिए 150 और सर्वाधिक ग्राम प्रधान पद के लिए 708 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। जिले में नामांकन पत्रों की बिक्री के लिए जिला पंचायत के साथ ही विकास खंड कार्यालयों में इन दिनों प्रत्याशियों और समर्थकों की भीड़ उमड़ रही है। जिले में चुनाव प्रक्रिया शुरु होने के पहले दिन 30 जून को सदस्य ग्राम पंचायत के 31, प्रधान ग्राम पंचायत के 167, सदस्य क्षेत्र पंचायत के 79 और सदस्य जिला पंचायत के 7 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

जबकि दूसरे दिन 1 जुलाई को यहां सदस्य ग्राम पंचायत के लिए 119, प्रधान ग्राम पंचायत के लिए 541, सदस्य क्षेत्र पंचायत 236 और सदस्य जिला पंचायत के लिए 42 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 2 जुलाई से 5 जुलाई 2025 तक पूर्वान्ह 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया संपन्न होगी। वहीं 7 से 9 जुलाई के मध्य सभी नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कार्मिकों का हुआ पहला रेन्डमाइजेशन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उपजिला निर्वाचन अधिकारी नोडल अधिकारी कार्मिक अभिनव शाह की अध्यक्षता में मतदान कार्मिकों का सॉफ्टवेयर के माध्यम से पहला रेंडमाइजेशन किया गया।



सीडीओ अभिनव शाह की अध्यक्षता में मतदान कार्मिकों का सॉफ्टवेयर के माध्यम से पहला रेंडमाइजेशन करते हुए।

जिला निर्वाचन अधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर उपजिला निर्वाचन अधिकारीध्नोडल अधिकारी कार्मिक अभिनव शाह की अध्यक्षता में मतदान कार्मिकों का सॉफ्टवेयर के माध्यम से पहला रेंडमाइजेशन किया गया। इसमें जिले के 14 हजार पात्र कार्मिकों के पूर्ण डेटाबेस से 25 प्रतिशत रिजर्व सहित 7560 कार्मिकों का चयन किया। इसमें पीठासीन अधिकारी और प्रथम मतदान अधिकारी शामिल है। देहरादून जनपद के 06 विकास खंडों में कुल 1090 मतदेय स्थल है। पहले रेंडमाइजेशन के तहत 1512 मतदान दल बनाए गए है, जिसमें 7560 कार्मिकों का चयन किया गया है। चयनित पीठासीन अधिकारियों को 06 जुलाई और प्रथम मतदान अधिकारियों को 07 जुलाई को पहला प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतदान कार्मिकों के दूसरे रेंडमाइजेशन में पार्टी गठन के साथ ब्लॉक आवंटित किए जाएंगे। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में द्वितीय कार्मिक के रूप में महिला कार्मिक की भी तैनाती की जाएगी। पारदर्शिता के लिए रेंडमाइजेशन प्रक्रिया की पूरी वीडियो एवं फोटोग्राफी भी की गई। कार्मिकों के रेंडमाइजेशन के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी रणजीत सिंह चौहान, एडीआईओ अंकुश पांडेय, डीटीडीओ बृजेन्द्र पांडेय आदि मौजूद थे।

# ज्योतिर्मठ के पास निहंगों और स्थानीय व्यापारी के बीच हिंसक झड़प में सात आरोपी गिरफ्तार

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हेमकुंड साहिब की यात्रा पर आने वाले उपद्रवी टाईट के निहंग सरदारों का जनपद चमोली में स्थानीय व्यापारियों व आम जनमानस के साथ हुल्लड़वाजी, झगड़ा फिसाद होना इनकी आदत सी बन गई है। जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों कहना है कि यात्रा के दौरान इनके पास रह रहे हथियारों पर सरकारों को प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए।



ताजा घटना ज्योतिर्मठ से है, जहां निहंग सरदारों का एक स्थानीय व्यापारी के साथ स्कूटी निकालने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि निहंगों ने कथित तौर पर तलवारों से व्यापारी पर हमला करने का प्रयास किया, जिससे व्यापारी बाल–बाल बच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, तब तक निहंग यात्री अपने वाहनों में बैठकर थाने की ओर रवाना हो चुके थे। व्यापारियों द्वारा दी गई सूचना के बाद पुलिस ने यात्रियों को थाने के गेट के पास रोककर थाने बुलाया। इस बीच, बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी भी थाने पहुंच गए।

थाने में हालात और बिगड़ गए जब यह पाया गया कि निहंग यात्रियों के पास धार्मिक मान्यताओं के अनुसार तलवार और कृपाण के अलावा कुल्हड़, बड़ी दोधारी तलवार, चाकू और फरसा जैसे कई अन्य धारदार हथियार थे। दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और मामला मारपीट की हद तक पहुंच गया। पुलिस ने बीच–बचाव का प्रयास करते हुए अमृतपाल नामक एक निहंग ने धारदार चाकू सेै के सिर पर वार कर दिया, जिससे उन्हें दो गंभीर चोटें आईं। इस घटना के संबंध में दो अलग–अलग मामले दर्ज किए गए हैं। जनता की ओर से मुकदमा नंबर 21द्ध25 भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 109(1), 191(2), 193(3), 352, और 351(3) के तहत दर्ज किया गया है। वहीं, घायलै की तरफ से मुकदमा नंबर 22द्ध25 ठछै की धारा 109(1), 121(1), 191(2), और 132 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

02 July 2025_Copy of Layout 1 7/2/2025 1:16 PM Page 7



# ‘संघ सरिता’ पुस्तक विमोचन समारोह सम्पन्न

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** चाणक्य वार्ता प्रकाशन समूह, इंटरनेशनल दिव्य परिवार सोसाइटी एवं भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष और 100 लोकप्रिय गीतों पर आधारित वरिष्ठ साहित्यकार विजय कुमार द्वारा संकलित एवं संपादित पुस्तक संघ सरिता का विमोचन स्पीकर हॉल, कांस्टीट्यूशन क्लब नई दिल्ली में मुख्य अतिथि केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल,समारोह अध्यक्ष असम, तमिलनाडु व पंजाब के पूर्व राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, मुख्य वक्ता संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन, अतिविशिष्ट अतिथि संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मी नारायण भाला, सीसीआरटी, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के चेयरमैन डॉ विनोद नारायण इंदुरकर एवं चाणक्य वार्ता प्रकाशन समूह के अध्यक्ष डॉ अमित जैन ने संयुक्त रूप से किया।




इस गरिमामयी समारोह का शुभारंभ दिवाकर दास द्वारा राष्ट्रगीत वंदेमातरम से हुआ। मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलन किया और सीसीआरटी के स्कॉलर्स के ग्रुप ने सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। सेवानिवृत्त, आईआरएएस अजित कुमार ने सभी अतिथियों व आगंतुकों का स्वागत किया।

अतिथियों के सम्मान के बाद पुस्तक के संकलन कर्ता विजय कुमार ने पुस्तक की रचना पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात पुस्तक का विमोचन हुआ। संघ गीत श्हम करें राष्ट्र आराधन श पर कोरियोग्राफर राहुल वार्ष्णेय एवं श लो श्रद्धांजलि राष्ट्र पुरुषश पर वाणी संस्था के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। समारोह के मुख्य वक्ता संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने इस अवसर पर सारगर्भित संबोधन में कहा कि संघ देश निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संघ के गीत केवल मनोरंजन भर नही है। वे राष्ट्र के प्रति प्रेम करने की प्रेरणा देते हैं तथा राष्ट्र भक्ति का जज्बा पैदा करते हैं।

उन्होंने कहा कि इस दिशा में श्संघ सरिताश पुस्तक विशेष रूप से संघ शताब्दी वर्ष में सभी की पथप्रदर्शक बनेगी। अतिविशिष्ट अतिथि संघ के वरिष्ठ अधिकारी इंद्रेश कुमार ने कहा कि नेशन फर्स्ट, नेशन लास्ट व नेशन ऑलवेज। उन्होंने संघ सरिता पुस्तक की मुक्त कंठ से प्रशंसा की तथा अपना वक्तव्य गीतों पर ही आधारित रखा। वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मी नारायण भाला ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अब एक वटवृक्ष बन गया है। उन्होंने संघ की 100 वर्ष की यात्रा में गीतों के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा कि संघ से संबंधित 100 गीतों का संग्रह ऐसे समय में आया है, जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष मना रहा है। यह खुशी की बात है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संघ की शाखाएं शुरू हुई तो कार्यपद्धति का निर्माण हुआ। कहानियां बनी, गीत बने, श्लोक बने और पुस्तकों का निर्माण हुआ। 1925 में 100 साल पहले डॉ हेडगेवार ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी, उसी समय से संघ के कार्यक्रमों में गीतों का महत्व रहा है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि संघ सरिता के ये 100 गीत समाज में ऐसा भाव भरेंगे, जिससे हिन्दू समाज एकत्रित होकर आगे बढ़ेगा।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने लॉन्च किया मार्केट–लिंक्ड प्रोडक्ट

**देहरादून।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस लॉन्च किया है। यह एक मार्केट–लिंक्ड प्रोडक्ट है, जिसे ग्राहकों को दीर्घकालिक रूप से संपत्ति बनाने में मदद करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

इस प्रोडक्ट को सिर्फ 1000 रुपए की मासिक प्रीमियम पर खरीदा जा सकता है। इससे युवा ग्राहक आसानी से नियमित निवेश कर सकते हैं और अपने लंबे समय के वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं। इसमें जीवन बीमा का लाभ भी शामिल है, जिससे ग्राहक के न रहने पर उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिलती है। अमित पालटा, चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और मॉर्गन स्टेनली के अनुसार 2028 तक यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

# अमेजन फ्रेश पर क्यूरेटेड मिलेट स्टोर के साथ करें अपने खाने को पावर अप

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारतीय रसोई में मिलेट्स अब रोजमर्रा के भोजन को नए रूप में परिभाषित कर रहे हैं, चाहे वो नाश्ते के बाउल हों या रात के खाने की थाली में ।

प्रोटीन, फाइबर और प्राकृतिक प्रीबायोटिक्स से भरपूर ये पावर ग्रेन्स और सुपरफूड्स न सिर्फ पाचन को बेहतर बनाते हैं, बल्कि आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराते हैं। अमेजन फ्रेश के खास मिलेट स्टोरफ्रंट के साथ अब स्वच्छ, ग्लूटन–फ्री और बिना मैदा वाले विकल्पों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना पहले से कहीं आसान हो गया है। चाहे आप दिन की शुरुआत कर रहे हों हाई–प्रोटीन बनाना पैनकेक मिक्स से, या जल्दी में मिलेट नूडल्स का लंच बना रहे हों, या फिर चावल की जगह फॉक्सटेल और बार्नयार्ड मिलेट जैसे अनपॉलिश्ड विकल्प अपना रहे हों। अमेजन फ्रेश पर आपको बेटर फ्लोर जीरो मैदा बनाना पैनकेक मिक्स, टाटा सोलफुल मिलेट म्यूसली दृ फ्रूट एंड नट, स्लर्प फार्म मैजिक मसाला मिलेट नूडल्स, स्लर्प फार्म मिलेट डोसा इंस्टेंट मिक्स, मिल ग्रेन्स कॉम्बो दृ फॉक्सटेल, लिटिल, कोदो और बार्नयार्ड मिलेट, ऑर्गेनिक तत्व ज्वार आटा रियायती दामों पर मिलता है। उच्च गुणवत्ता वाले ज्वार से बना यह स्वच्छ और पूरी तरह प्राकृतिक आटा रोटियाँ, भाकरी और चिल्ला बनाने के लिए एक बेहतरीन विकल्प है।

# सीएम धामी देंगे खिलाड़ियों को सौगात और फलेंगे फूलेंगे खेल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने कार्यकाल के पांचवें साल में खेल–खिलाड़ियों को सौगात देने जा रहे हैं। सौगात भी एक नहीं, बल्कि दो–दो। इनमें पहली सौगात हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय के निर्माण से जुड़ी है, जिसके खेल दिवस पर शिलान्यास की तैयारी है। दूसरी सौगात, प्रदेश के 23 खेल अकादमी खोलने से जुड़ी हैं। राष्ट्रीय खेलों के दौरान देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी समेत जिन आठ शहरों में खेल गतिविधियां संचालित हुई और आधारभूत ढांचा तैयार हुआ, वहीं पर ये अकादमी खोली जाएंगी। इसके दो फायदे होंगे। एक, खेल के लिए तैयार बुनियादी ढांचे का बेहतर रख–रखाव हो सकेगा। दो, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए ठोस प्लेटफार्म तैयार हो सकेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी



के कार्यकाल के चौथे साल में उत्तराखंड ने खेल की दुनिया में ऊंची छलांग लगाई है। राष्ट्रीय खेलों का भव्य आयोजन से उत्तराखंड की खेलां की दुनिया में हैसियत बढ़ गई है। खेल के शानदार माहौल को अपने कार्यकाल के पांचवें साल में भी बनाए रखने के प्रति मुख्यमंत्री गंभीर है। इसी लिए चाहे हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय का निर्माण हो या फिर आठ शहरों में 23 खेल अकादमी खोलने की बात, दोनों विषयों पर पर्याप्त तेजी दिखाई दे रही है। खेल विश्वविद्यालय की तो बकायदा अधिसूचना जारी हो चुकी है। इसी तरह, 23 अकादमी भी सरकार खोलने जा रही हैं। इन दोनों महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को अमली जामा पहनाने के लिए तेजी से काम चल रहा है।

उत्तराखंड के रजत जयंती वर्ष में उत्तराखंड की धरती पर 38 वें राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन धामी सरकार की सबसे बड़ी खेल उपलब्धि रही। भव्य आयोजन हुआ और हमारे खिलाड़ियों ने भी श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। गोवा में पिछले राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड ने सिर्फ 24 पदक जीते थे, लेकिन इस बार उसने पदकों का शतक लगाकर तालिका में सातवां स्थान प्राप्त किया। वर्ष 2021 में घोषित नई खेल नीति में खिलाड़ियों के प्रोत्साहन पर खास फोकस किया गया। ओलंपिक के पदक विजेताओं के लिए एक से लेकर दो करोड़ तक की प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था की गई है।

# धामी सरकार का ऐलान, कांवड़ मार्ग में स्थित खाद्य की दुकान पर मालिक का नाम, पहचान पत्र दिखाना जरूरी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** श्रद्धा और आस्था के महापर्व कांवड़ यात्रा 2025 को लेकर उत्तराखंड सरकार ने कमर कस ली है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने एक सख्त और समर्पित कार्ययोजना तैयार की है, जिसके तहत लाखों श्रद्धालुओं को शुद्ध और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने के लिए व्यापक निगरानी अभियान चलाया जाएगा। कांवड़ यात्रा 2025 के दौरान श्रद्धालुओं को शुद्ध और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने के लिए शासन ने सख्त




व्यवस्था लागू कर दी है। स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ आर. राजेश कुमार ने कहा इस संबंध में यात्रा मार्गों पर मौजूद सभी होटल, ढाबा, ठेली, फड़ व अन्य खाद्य कारोबारियों को कुछ जरूरी निर्देश दिए गए हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य है, हर खाद्य कारोबारी को अपने लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाणपत्र की एक साफ–सुथरी प्रति अपने प्रतिष्ठान में प्रमुख जगह पर लगानी होगी, ताकि उपभोक्ता उसे आसानी से देख सकें। छोटे व्यापारियों व ठेले–फड़ वालों को भी अपना फोटो पहचान पत्र और पंजीकरण प्रमाण पत्र अपने पास रखना और प्रदर्शित करना जरूरी होगा। होटल, भोजनालय, ढाबा और रेस्टोरेंट में ‘फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड’ भी साफ–साफ दिखाई देने वाले स्थान पर लगाया जाना चाहिए, जिससे ग्राहक को यह पता चल सके कि खाने की गुणवत्ता की जिम्मेदारी किसकी है। जो कारोबारी ये निर्देश नहीं मानेंगे, उनके खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 की धारा 55 के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें ध्2 लाख तक का जुर्माना लग सकता है। सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इन आदेशों का कड़ाई से पालन हो। श्रद्धालुओं की सेहत के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ आर. राजेश कुमार ने कहा कांवड़ यात्रा के दौरान पंडालों, भंडारों और अन्य भोजन केंद्रों पर परोसे जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मिलावटखोरों और मानकों से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों की सेहत हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की विशेष टीमें हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, पौड़ी और उत्तरकाशी जिलों में तैनात की गई हैं। ये टीमें नियमित रूप से पंडालों से दूध, मिठाई, तेल, मसाले, पेय पदार्थ आदि के नमूने लेंगी और जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजेंगी। अगर कोई नमूना मानकों पर खरा नहीं उतरता तो संबंधित स्थल को तत्काल बंद कर दिया जाएगा।

# जनता दर्शन कार्यक्रम में एडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, 105 शिकायतें दर्ज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जनता दर्शन कार्यक्रम में आज 105 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद से सम्बन्धित एवं आपसी विवाद की प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त एमडीडीए, दुग्ध, विद्युत, पेयजल निगम, सिंचाई, आर्थिक सहायता, एनएच 72 मुआवजा दिलाने आदि से सम्बन्धित प्राप्त हुई। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा किये जाने के शिकायतों पर अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए सरकारी भूमि को कब्जामुक्त करने के निर्देश दिए। महिला फरियादी ने अपनी



एडीएम जनसमस्याएं सुनते हुए।

फरियाद में अपर जिलाधिकारी को बताया कि ठाकुरपुर प्रेमनगर सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा कर लिया गया है जिसमें तहसील विकासनगर से पारित आदेश कब्जामुक्त किये जाने के सम्बन्ध में किन्तु अभी तक कब्जा नही हटाया गया है, जिस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी विकासनगर को निर्देशित किया अपने आदेशों का परिपालन कराते हुए एक सप्ताह के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। तरला आमवाला में क्षेत्रवासियों द्वारा सीवर लाईन बिछाने की मांग पर अधीशासी अभियंता जल निगम को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। ग्राम सभावाला निवासी कुल्दन सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी भूमि एनएच–72 में अधिग्रहित की गई किन्तु अभी तक मुआवजा नही मिल पाया है, जिस पर एसएलएओ को कार्यवाही के निर्देश दिए। सरस्वती विहार निवासी दिनेश चन्द्र भट्ट ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी दुकान किराये दे रखी थी जिसका अनुबन्ध मार्च माह में समाप्त हो गया है किन्तु किरायेदार दुकान खाली नही कर रहा है तथा नाही किराया दे रहा है। जिस पर पुलिस विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जनता दर्शन में उप जिलाधिकारी अपूर्वा सिंह, उप नगर आयुक्त गौरव कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र अंजली रावत, अधि अभि विद्युत राकेश कुमार सहित शिक्षा, एमडीडीए, सिंचाई आदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चोरी के मामले में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**देहरादून।** बसंत विहार क्षेत्र में चोरी की वारदातद को अंजाम देने के आरोपी हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने टी स्टेट हरबंसवाला के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से चोरी की ज्वेलरी, मोबाइल फोन और नकदी बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना बसंत विहार में कई मुकदमे दर्ज हैं।

इंजीनियरिंग एनक्लेव निवासी सौरभ गुप्ता ने पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि किसी अज्ञात चोर ने उनके घर में घुसकर घर से कीमती सामान, ज्वेलरी, नगदी और दो मोबाइल फोन चोरी कर लिए हैं। पीड़ित की तहरीर के आधार थाना बसंत विहार में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठन किया गया।

# वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे पर अपनी त्वचा को दें कैलिफोर्निया आमंड्स का पोषण

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे 2025 की थीम इस बार है, त्वचा की सेहत के बिना संपूर्ण स्वास्थ्य संभव नहीं, जो इस बात पर जोर देती है कि स्किन केयर सिर्फ क्रीम और लोशन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी शुरुआत हमारे खान–पान से होती है।

कैलिफोर्निया आमंड्स, जो विटामिन ई और हेल्दी फैट्स से भरपूर होते हैं, त्वचा को अंदर से पोषण देकर इसे स्वस्थ और दमकता बनाए रखने में मदद करते हैं। कैलिफोर्निया आमंड्स 15 जरूरी पोषक तत्वों का बेहतरीन स्रोत हैं, जिनमें से कई त्वचा की रंगत और बनावट सुधारने में असरदार माने जाते हैं। इनमें मौजूद विटामिन ई और हेल्दी फैट्स त्वचा को उम्र के असर से बचाने वाले एंटी–एजिंग गुणों से भरपूर होते हैं। रिसर्च से यह भी सामने आया है कि नियमित रूप से बादाम खाने से चेहरे की झुर्रियों को कम किया जा सकता है। यानी ब्यूटी रूटीन में बादाम को शामिल करना आसान और असरदार तरीका हो सकता है। केवल आधुनिक पोषण विज्ञान ही नहीं, बल्कि आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां भी बादाम को त्वचा के लिए लाभकारी मानती रही हैं। हाल की रिसर्च में यह भी पता चला है कि रोजाना बादाम का सेवन यूवीबी किरणों से त्वचा को बचाने में मददगार हो सकता है, जो भारत जैसी तेज धूप वाले देशों में और भी उपयोगी है।

## महिला ने प्रॉपटी डीलर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**देहरादून।** कोतवाली पटेलनगर क्षेत्र के अंतर्गत बीमा पॉलिसी का काम करने वाली एक महिला ने बुजुर्ग प्रॉपर्टी डीलर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही पीड़ित महिला ने आरोपी की पत्नी, बेटे और अन्य पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में शुरू कर दी है। कोतवाली पटेलनगर में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि वो साल 2018 में अपने लिए प्लाट की तलाश कर रही थी। प्रॉपर्टी डीलर का काम करने वाले 65 वर्षीय व्यक्ति ने प्लाट दिलाया। उसके बाद दोनों के बीच नजदीकिया बढ़ गई। महिला बीमा पॉलिसी करती थी, ऐसे में बुजुर्ग व्यक्ति महिला के साथ कई बार सेमिनार में भी गया था।

## न्यूज डायरी

### क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी विजय शंकर पांडेय को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष मान्यता पुरस्कार




**देहरादून।** क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारियों का सम्मेलन 23–25 जून के दौरान नई दिल्ली में आयोजित किया गया। पासपोर्ट सेवा दिवस 24 जून को मनाया गया। इस दिवस पर विजय शंकर पांडेय को विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष मान्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस प्रकार उन्हें सालाना लगभग 1.5 लाख पासपोर्ट जारी करने वाले क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पासपोर्ट अधिकारी का पुरस्कार दिया गया है। देश भर में कुल 37 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय हैं। पांडेय द्वारा पासपोर्ट मोबाइल वैन शिविरों के माध्यम से राज्य के दूरदराज के क्षेत्रों के आवेदकों के दरवाजे तक पासपोर्ट सेवाएं पहुंचाने के प्रयासों तथा बाधाओं के बावजूद आवेदकों को पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करने में सुधार लाने के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों के कारण उन्हें क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों की अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पासपोर्ट अधिकारी का सम्मान दिया गया।

# उत्तराखंड का ऐसा गांव जहां बिना चुनाव के ही प्रधान का होता है चयन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में वर्तमान में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव शुरू होने वाले हैं इसके बाद से प्रत्याशियों की होड़ लग जाएगी घर–घर पर प्रत्याशी जाएंगे बिजली पानी और सड़क के मुद्दे फिर से उछाले जाएंगे वादों की बौछार होगी। बैनर पोस्टर की बरसात होगी। तमाम प्रत्याशी चुनाव को जीतने के लिए जीत तोड़ मेहनत करने के लिए तैयार है। लेकिन क्या आप जानते है कि उत्तराखंड में एक ऐसा गांव भी है जहां अभी तक ग्राम प्रधान के लिए चुनाव नहीं हुआ।

नैनीताल में बसा सुपी गांव एक ऐसी मिसाल पेश करता है, जो आज के दौर में लोकतंत्र की सादगी और एकता



सुपी गांव।

का प्रतीक है। पिछले 78 सालों से, यानी आजादी के बाद से, इस गांव में ग्राम प्रधान का चुनाव कभी नहीं हुआ। यहां ग्रामवासी आपसी सहमति से अपने नेता का चयन करते हैं, बिना किसी औपचारिक मतदान, रैली या चुनावी खर्च के। यह परंपरा न केवल गांव की एकजुटता को दर्शाती है, बल्कि आधुनिक पंचायत चुनावों के लिए भी एक सबक देती है।

## पेज 01 का शेष...

### महेंद्र भट्ट दोबारा बने उत्तराखण्ड भाजपा के अध्यक्ष

यह लोकतांत्रिक संगठनात्मक प्रक्रिया का पहलू भी है और राजनीतिक व्यवहारिकता का भी। भाजपा जैसी अनुशासित और चुनाव–प्रेरित पार्टी में यह असामान्य नहीं है कि शीर्ष नेतृत्व अपने विश्वासपात्र नेता को बिना किसी सार्वजनिक बहस या विकल्प के दोबारा कमान सौंप दे। महेंद्र भट्ट के पिछले कार्यकाल की बात करें तो उन्होंने संगठन को मजबूत करने में एक हद तक सफलता पाई है। उन्होंने राज्य के कोने–कोने में संगठनात्मक पहुँच बनाने की कोशिश की और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ समन्वय बनाए रखा और भाजपा को एकजुट रखने में बड़ी भूमिका निभाई। हालाँकि, यह भी एक तथ्य है कि उत्तराखंड में भाजपा को हाल के वर्षों में कुछ राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा है कृ निकाय चुनावों में असंतोष, संगठन और सत्ता के बीच मतभेद, और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद की कमी जैसी बातें उठती रही हैं। इन सब के बीच, 2025 में प्रस्तावित पंचायत चुनाव एक बड़ी परीक्षा बनकर सामने आ रही है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव किसी भी राज्य के लिए महज स्थानीय निकाय चुनाव नहीं होते, बल्कि ये राजनीतिक जमीन की असली नब्ज को नापते हैं।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19